>

Title: Regarding alleged irregularities and corruption involved in Gosikhurd Irrigation Projects in Maharashtra.

श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर): सभापति महोदय, महाराष्ट्र में गोसीखुर्द सिंचाई परियोजना, जो राष्ट्रीय परियोजना है, उसके लिए हमें केन्द्र सरकार के वित्त पोषित प्रावधानों के तहत धनराशि प्राप्त हुई है। पिछले दो वर्षों से इस परियोजना के काम की प्रगति के लिए और विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए सरकार ने करीब 2500 करोड़ रुपया दिया है। लेकिन जिस परियोजना से दो लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित होना है, न तो वहां एक हेक्टेयर भूमि ही सिंचित हो पाई है और न ही विस्थापितों को नेशनल आर.आर. पालिसी 2007 के अनुसार उन्हें जो मुआवजा मिलना चाहिए, वह भी नहीं दिया जा रहा है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जो भी धनराशि सरकार ने दी है उसका दुरुपयोग हुआ है, उसमें अनियमितताएं हैं, ठेकेदारों को पूरे धन का वितरण किया गया है और कार्य होने से पहले ही एडवांस देकर सारा भ्रष्टाचार किया गया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करूंगा कि वहां एक जांच दल भेजा जाए और विस्थापितों तथा सिंचित क्षेत्र बढ़ाने के लिए कार्यवाही की जाए।